# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
**Ch. Charan Singh University, Meerut**


पत्रांक : परीक्षा नियंत्रक/587
दिनांक : 17.07.2021

## अत्यावश्यक एंव महत्वपूर्ण

सेवा में,
प्राचार्य/प्राचार्या/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष,
मुख्य वार्षिक परीक्षा–2021 हेतु निर्धारित समस्त परीक्षा/नोडल केन्द्र,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः– वर्तमान में चल रही परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों के पेट्रन की जानकारी के सम्बंध में।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आप सर्वविदित हैं कि वर्तमान में कोविड–19 के प्रोटोकोल को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय स्तर से समस्त संस्थागत एंव व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों की मुख्य परीक्षा–2020–21, समस्त व्यावसायिक एंव परम्परागत पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षा (जून 2020–21), बी0एड0 पाठ्यक्रम की मुख्य परीक्षा तथा चिकित्सा एवं आयुर्वेद संकाय के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर आदि की परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है जिसके क्रम में आपको विश्वविद्यालय के पत्रांक सीक्रेसी/मु0प0–2021/दिनांक–29/06/2021, परीक्षा नियंत्रक कार्या0/584 दिनांक 03/7/2021, एंव मा0 कुलपति जी द्वारा जूम ऐप के माध्यम से परीक्षाओं के आयोजित कराने एवं प्रश्न पत्र की अवधि के दृष्टिगत रखते हुए आये पेट्रन में बदलाव के सम्बंध में समय समय पर आपको विभिन्न माध्यमों से जानकारी दी जाती रही है एवं यह अपेक्षा की गयी थी कि आप समस्त सम्बंधित जानकारी अपने कक्ष निरीक्षक यथा जो भी परीक्षा कार्यक्रम में लगे कर्मिकों एवं परीक्षार्थियों को स्पष्ट रूप से अवगत करायेंगे। परन्तु परीक्षाओं के मध्य से यह संज्ञान में आया है कि कतिपय संस्थान/महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा जारी परीक्षा सम्बंधी निर्देशों को अपने स्टाफ को नहीं बताया जा रहा है जिससे सम्बंधित परीक्षाओं में परीक्षार्थी भ्रम की स्थिति में रहता है जो कि अत्यन्त खेदजनक है।

उक्त के क्रम में मा0 कुलपति जी के निर्देशानुसार आपको निर्देशित किया जाता है कि आप विश्वविद्यालय स्तर से परीक्षा सम्बंधी निर्देश जो कि विश्वविद्यालय से जारी किये जा रहे हैं या किये जायेगें, उसकी जानकारी आप अपने सम्बधित स्टाफ एंव परीक्षार्थी को देना सुनिश्चित करें। संचालित परीक्षाओं में कहीं कोई भ्रम या अप्रिय घटना घटित होती है तब उस स्थिति में आपका उत्तरदायित्व भी निर्धारित किया जायेगा जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, कुलपति को कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक प्रतिकुलपति को प्रतिकुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4. सम्बन्धित प्राचार्य/प्राचार्या/ वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक